राजस्थान पत्रिका
उदयपुर . शनिवार
10.12.2011



## युवा महोत्सव से सुनहरी यादें लेकर लौटे प्रतिभागी

# वनस्थली विद्यापीठ को टीम चैम्पियनशिप

उदयपुर. मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय की मेजबानी में 5 से 9 दिसम्बर तक हुए पश्चिमी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव में वनस्थली विद्यापीठ ने 34 विश्वविद्यालयों को पछाड़ते हुए ओवरऑल टीम चैम्पियनशिप हासिल की । यूनिवर्सिटी ऑफ मुम्बई के प्रतिभागियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया लेकिन उसे मामूली अंकों के अंतर से दूसरे स्थान के लिए संतोष करना पड़ा। भारतीय विश्वविद्यालय संगठन की ओर से निर्धारित ट्रॉफी के अलावा सुखाड़िया विश्वविद्यालय छात्र संघ की ओर से भी विजेता टीम को 11 हजार रुपए के इनाम की घोषणा की गई। वहीं थियेटर में वनस्थली विद्यापीठ, नृत्य में एसजीबी अमरावती विश्वविद्यालय, फाइन आर्ट्स में डा. बाबा साहेब अम्बेडकर मराठवाड़ा विवि, साहित्यिक प्रतियोगिताओं में देवी अहिल्या देवी विवि इंदौर व संगीत में मुम्बई विश्वविद्यालय ने प्रथम स्थान हासिल किया। बाद में आयोजित रंगारंग उद्घाटन समारोह में ग्रामीण विकास व पंचायत राज मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीय, संसदीय सचिव गजेन्द्र सिंह शक्तावत, ग्रामीण विधायक सज्जन कटारा, सभापति रजनी डांगी व मेजबान विवि के कुलपति प्रो. आई वी त्रिवेदी ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इसमें शक्तावत ने विश्वविद्यालय में हैल्थ सेवाओं के लिए दस लाख रुपए व मालवीय ने जनजाति शोध संस्थान की शैक्षणिक जिम्मेदारी विश्वविद्यालय को देने की घोषणा की। बाद में उदयपुर से सुनहरी यादें लेकर 6 राज्यों के प्रतिभागी अपने घरों के लिए रवाना हो गए। इसी प्रकार देवी अहिल्या विवि इंदौर में अध्ययनरत उदयपुर के छात्र शिवा शर्मा ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया।



*ट्रॉफी जीतने की खुशी में झूम उठीं वनस्थली विद्यापीठ की छात्राएं।* पत्रिका

### अब हैं 'चैम्पियंस', रनर-अप नहीं

पिछले कई सालों से हमारी टीम इंटर यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल में रनर-अप का खिताब ही पाती आई थी। हर बार रनर-अप बन कर ही संतुष्ट होना पड़ता, लेकिन यह तय कर लिया था कि इस रनर-अप की ट्रॉफी को चैम्पियनशिप की ट्रॉफी में बदल कर रही रहना है। आखिर, वह दिन आया और हम रनर-अप नहीं 'चैम्पियंस' कहलाए। हमें अपनी मेहनत व विश्वास पर गर्व है जिसने कभी हमारा साथ नहीं छोड़ा। यह कहना है तीन सालों से यूथ फेस्टिवल में हिस्सा लेती आ रही वनस्थली विद्यापीठ टीम की सदस्य गरिमा मित्तल का। शुक्रवार को यूथ फेस्टिवल में ओवरऑल चैम्पियनशिप हासिल करने के बाद गरिमा व पूरी टीम की खुशी का ठिकाना नहीं था। टीम मैनेजर डॉ. हंसवाहिनी सिंह, संतोष पाठक ने कहा कि पहली बार ट्रॉफी जीती है और यह पूरी टीम की उपलब्धि है।



*इंटर यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल के समापन के बाद कई टीमों ने अपने बैग पैक कर लिए।*




**हम सिकंदर** *उदयपुर में शुक्रवार को 27वें नेशनल इंटर यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल के समापन समारोह में ओवरऑल चैम्पियनशिप के लिए वनस्थली विद्यापीठ का नाम घोषित हुआ तो पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। समारोह के मुख्य अतिथि जनजाति विकास एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीय ने विजेताओं*